भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या - 339**
सोमवार, 5 फरवरी, 2024/16 माघ, 1945 (शक)

## 'स्ट्राइव योजना'

339. श्री प्रताप चंद्र षडङ्गीः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'स्ट्राइव' योजना में भाग लेने के लिए चयनित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) शिक्षुता को बढ़ावा देने के लिए राज्य-वार कितने उद्योग संकुलों (आईसी) का चयन किया गया है;

(ग) बालासोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से कितने आईटीआई का चयन किया गया है;

(घ) क्या सरकार की विशेषकर ओडिशा राज्य और बालासोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से और अधिक आईसी और आईटीआई को शामिल करने की कोई योजना है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार की लघु और मध्यम उद्यमों तथा व्यवसायी संघों को उक्त योजना में शामिल करने की योजना है ताकि आईटीआई को उनके कार्यनिष्पादन में सुधार लाने में सहायता मिल सके; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

## उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) भारत सरकार के स्किल इंडिया मिशन (एसआईएम) के तहत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआइज) के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) जैसी विविध योजनाओं के तहत देशभर में समाज के सभी वर्गों को कौशल, पुनःकौशल तथा अप-कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है। एसआईएम का उद्देश्य भारत के युवाओं को भविष्य के लिए तथा उद्योग हेतु तैयार कौशल प्राप्त करने में सक्षम बनाना हैं।

औद्योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) एक विश्व बैंक सहायित परियोजना है जिसका उद्देश्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआइज) में शिक्षण अवसंरचना का उन्नयन एवं सुधार करना है।

स्ट्राइव परियोजना के तहत, कुल 500 आईटीआइज (जिसमें 467 सरकारी आईटीआइज तथा 33 निजी आईटीआइज शामिल हैं) को गुणवत्ता के उन्नयन तथा प्रयोगशाला, उपस्कर और उपकरणों के उन्नयन द्वारा

उद्योग प्रासंगिक प्रशिक्षण सुदृढ़ करने हेतु चुना गया है। इसी प्रकार उद्योग शिक्षुता पहल (आईएआई) के माध्यम से शिक्षुता प्रशिक्षण में संलग्न होने के लिए 90 उद्योग समूहों का भी यचन किया गया है।

स्ट्राइव के तहत चयनित आईटीआइज की राज्यवार संख्या अनुबंध-**I** में दी गई है।

(ख) स्ट्राइव के तहत उद्योग समूहों (आईसीज) की राज्यवार संख्या अनुबंध **II** में दी गई है।

(ग) बालासोर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत 01 आईटीआई को स्ट्राइव के तहत चुना गया है। विवरण निम्नानुसार हैः

| **क्रम सं.** | **आईटीआई का नाम** | **आईटीआई का प्रकार** | **जिला** | **आवंटित राशि (रु. लाख में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बालासोर | सरकारी | बालासोर | 190.00 |

(घ) तथा (ड़) स्ट्राइव कार्यक्रम का अधिदेश 500 आईटीआइज का चयन और उन्नयन करना था जिसे अब प्राप्त कर लिया गया है। इसी प्रकार, 100 उद्योग समूहों के लक्ष्य में से 90 उद्योग समूहों का चयन किया गया है। वर्तमान में ओडिशा (बालासोर से एक सहित) राज्य से 03 आईसीज का चयन पहले ही किया जा चुका है और किसी भी नए आईसी के चयन हेतु ओडिशा राज्य तथा बालासोर संसदीय क्षेत्र से कोई अतिरिक्त प्रस्ताव नहीं है।

(च) तथा (छ) स्ट्राइव के तहत, आईटीआई स्तर पर एक संस्थागत प्रबंधन समिति (आईएमसी) का गठन किया जाता है, यह एक सोसायटी के रुप में पंजीकृत होती है और इसकी अध्यक्षता एक स्थानीय उद्योग प्रतिनिधि करता है जिससे संस्थान स्तर पर उद्योग संघ तथा इनपुट सुनिश्चित हो सके। स्ट्राइव के तहत सभी चयनित 500 आईटीआइज में वर्तमान में एक कार्यरत आईएमसी है जो आईटीआई में उद्योग इनपुट को शामिल करने में सहायता करता है।

अनुबंध – I

**लोक सभा के दिनांक 05.02.2024 के अतारांकित प्रश्न संख्या 339 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

स्ट्राइव के तहत आईटीआइज की राज्यवार संख्या

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | सरकारी | निजी | सकल योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 1 | - | 1 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 15 | - | 15 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | - | 1 |
| 4 | असम | 6 | 2 | 8 |
| 5 | बिहार | 4 | - | 4 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 | - | 1 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 13 | 4 | 17 |
| 8 | दिल्ली | 3 | 1 | 4 |
| 9 | गोवा | 2 | - | 2 |
| 10 | गुजरात | 34 | 4 | 38 |
| 11 | हरियाणा | 21 | - | 21 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 32 | 1 | 33 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 7 | - | 7 |
| 14 | झारखंड | 6 | - | 6 |
| 15 | कर्नाटक | 21 | 1 | 22 |
| 16 | केरल | 23 | 2 | 25 |
| 17 | लद्दाख | 1 | - | 1 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 20 | 1 | 21 |
| 19 | महाराष्ट्र | 72 | 5 | 77 |
| 20 | मणिपुर | 2 | - | 2 |
| 21 | मेघालय | 1 | - | 1 |
| 22 | मिजोरम | 1 | - | 1 |
| 23 | नागालैंड | 2 | - | 2 |
| 24 | ओडिशा | 25 | 2 | 27 |
| 25 | पुदुचेरी | 2 | - | 2 |
| 26 | पंजाब | 23 | 1 | 24 |
| 27 | राजस्थान | 14 | - | 14 |
| 28 | सिक्किम | 1 | - | 1 |
| 29 | तमिलनाडु | 29 | 3 | 32 |
| 30 | तेलंगाना | 17 | - | 17 |
| 31 | त्रिपुरा | 8 | - | 8 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 25 | 4 | 29 |
| 33 | उत्तराखंड | 8 | - | 8 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 26 | 2 | 28 |
|  | **कुल** | **467** | **33** | **500** |

अनुबंध – II

**लोक सभा के दिनांक 05.02.2024 के अतारांकित प्रश्न संख्या 339 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

स्ट्राइव के तहत चयनित आईसीज की राज्यवार संख्या

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | उद्योग समूहों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | गुजरात | 13 |
| 2 | तमिलनाडु | 13 |
| 3 | महाराष्ट्र | 12 |
| 4 | कर्नाटक | 11 |
| 5 | तेलंगाना | 8 |
| 6 | हिमाचल प्रदेश | 7 |
| 7 | मध्य प्रदेश | 6 |
| 8 | हरियाणा | 6 |
| 9 | केरल | 5 |
| 10 | ओडिशा | 3 |
| 11 | उत्तराखंड | 1 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 1 |
| 13 | पुदुचेरी | 1 |
| 14 | पश्चिम बंगाल | 1 |
| 15 | मणिपुर | 1 |
| 16 | मिजोरम | 1 |
| | **कुल** | **90** |

***